झारखण्ड सरकार

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

(उच्च शिक्षा निदेशालय)

योजना भवन, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची–834002 (झारखण्ड)

पत्रांक– 1842 राँची / दिनांक– 09/11/2022

प्रेषक,

सूरज कुमार, भा.प्र.से.
निदेशक।

सेवा में,

कुलसचिव
राँची विश्वविद्यालय, राँची
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका
नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद
डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, राँची,
जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, जमशेदपुर।

विषयः– चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन का कार्य सम्पादित करने हेतु ऑनलाईन समीक्षा बैठक की सूचना।

प्रसंगः– राज्यपाल सचिवालय का ज्ञापांक–रा॰भ॰ / 813 / 2022 दिनांक–19.10.2022

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के द्वारा राज्य के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों एवं इनके अधीनस्थ सभी अंगीभूत एवं सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन का कार्य सम्पादित करने हेतु आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए हैं। इस संबंध में समय–समय पर राज्यपाल सचिवालय के स्तर से भी पत्र प्रेषित कर निदेशित किया गया है। इस क्रम में प्रासंगिक पत्र द्वारा आगामी 15 दिनों के अंदर सभी नामांकित विद्यार्थियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया है।

उक्त के आलोक में चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक–10.11.2022 को अपराह्न 05:00 बजे एक बैठक प्रस्तावित है। उक्त ऑनलाईन बैठक में निम्नलिखित लिंक के माध्यम से सम्मिलित हुआ जा सकता हैः–

meet.google.com/nce-zwzs-bkn

अतः अनुरोध है कि उक्त बैठक में संबंधित पदाधिकारियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या के साथ सम्मिलित होने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

(सूरज कुमार)
निदेशक।

ज्ञापांक– 1842 राँची / दिनांक– 09/11/2022

प्रतिलिपिः–सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव, निदेशक, उच्च शिक्षा के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक।

Letter 2020 (Chandan Sir) (18.10.2022) .doc